an>

Title : Hon'ble Speaker, on behalf of the House, congratulated Men's Hockey team for winning Bronze Medal in Tokyo Olympics. The Speaker also congratulated Ms. Lovlina Borgohain for winning Bronze medal in Boxing in Tokyo Olympics.

माननीय अध्यक्ष : मुझे सदन को यह सूचित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि भारत की हॉकी टीम ने 41 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद भारत के लिए कांस्य पदक जीता है । साथ ही सुश्री लवलीना बोरगोहेन ने ओलम्पिक खेलों में बॉक्सिंग के महिला वेल्टरवेट वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है । मैं अपनी ओर से, सदन की ओर से भारतीय हॉकी टीम और सुश्री लवलीना को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक बधाई देता हूं ।

भारत को हॉकी में चार दशकों से भी ज्यादा समय बाद ओलम्पिक पदक प्राप्त हुआ है । भारतीय हॉकी टीम के कप्तान श्री मनप्रीत सिंह तथा उनके साथी खिलाड़ियों की इस अद्‌भुत उपलब्धि से पूरे देश में आज उल्लास और उत्साह का वातावरण बन गया है । पूरा देश इस जीत की खुशी मना रहा है । भारतीय हॉकी के लिए यह क्षण निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। मैं सभा की ओर से अपनी हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं ।

माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि टोक्यो ओलम्पिक में हमारी बेटियां अब तक देश के लिए तीन पदक जीत चुकी हैं । हमारी महिला खिलाड़ियों ने दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन और मजबूत इरादे प्रदर्शित करते हुए न सिर्फ देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि विश्व के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुई हैं । आज यह पूरा सदन नारी शक्ति की प्रतीक हमारी बेटियों का अभिनंदन करता है । भारत की नारी शक्ति ने खेलों के साथ-साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा साबित कर अनेक अवसरों पर देश का मान और गौरव बढ़ाया है । सभा देश के उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की भी सराहना करती है,

जिन्होंने अपने-अपने मुकाबलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सभा उनके संकल्प, उनके जज्बे का अभिनंदन करती है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 241- श्री विष्णु दत्त शर्मा।

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर) : सर, एक मिनट। सर, दो बातें हैं। देश की राजधानी दिल्ली में 9 वर्षीय एक दलित बच्ची के साथ … (व्यवधान)।

माननीय अध्यक्ष : अभी प्रश्न काल है।

… (व्यवधान)

11.03 hrs

At this stage, Shri Kalyan Banerjee, Shri Gurjeet Singh Aujla, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

12.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Twelve of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, देश की राजधानी दिल्ली में एक 9 वर्षीय दलित बच्ची के साथ जघन्य और बर्बर तरीके से बलात्कार तथा खून करके जबरन अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसके खिलाफ सदन के अंदर एक निंदा प्रस्ताव पारित होना चाहिए।… (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): सभापति जी, अधीर रंजन चौधरी जी अपनी बात कह रहे हैं, लेकिन यह राजस्थान के बारे में क्यों नहीं बोल रहे हैं? … (व्यवधान) जब इनके नेता राहुल गांधी जी वहां गए तो उन्होंने बाल संरक्षण अधिकार अधिनियम की …* उनका फोटो शेयर किया । यह शर्मनाक बात है । उन्होंने कानून के विपरीत काम किया है । इसकी निंदा की जानी चाहिए ।… (व्यवधान)

12.0 ½ hrs

At this stage, Shri Kalyan Banerjee, Shrimati Harsimrat Kaur Badal, Shri Jasbir Singh Gill and some other hon. Memebrs came and stood on the

floor near the Table.

…(व्यवधान)